राजस्थान सरकार

**अति आवश्यक**

# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

**दूरमाषः– 0151–2527065 Email ID- aao.icp.dse@rajasthan.gov.in**

क्रमांक :– शिविरा / माध्य / लेखा डी–2 / 28013 / 2021–22 दिनांक 10.03.2022

**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी**
**(मुख्यालय) माध्यमिक**

विषयः– कालीबाई भील मेघावी छात्रा स्कूटी वितरण योजनांनतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग की सामान्य वर्ग के आर्थिक पिछड़ा वर्ग EBC की वर्ष 2021 में 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं हेतु वर्ष 2021–22 हेतु ऑनलाईन आवेदन–पत्र आमंत्रण करने के संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार करने हेतु एवं कालीबाई भील मेघावी छात्रा स्कूटी योजना 2021–22 10वी उत्तीर्ण छात्राओं (टी.ए.डी. विभाग) के आवेदनों की जांच के संबंध में।

प्रसंगः– आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक एफ 23 (80)लेखा / आकाशि / छा.ऑनलाईन / 2021–22 / 306 दिनांक 24.02.2022

Rajasthan Education Department

उपर्युक्त विषयांतर्गत आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के पत्र दिनांक 24.02.2022 (प्रति संलग्न) द्वारा राजस्थान स्थित राजकीय / निजी महाविद्यालय / विश्वविद्यालय छात्र छात्राओं से प्रासंगिक पत्र में उल्लेखित योजनाओं में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा की वेबसाईट http://hte.rajasthan.gov.in/ पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं जिसमें **इस विभाग की योजना सामान्य वर्ग के आर्थिक पिछड़ा वर्ग (EBC) की कक्षा 12वीं की 2021 में उत्तीर्ण छात्राओं हेतु (माध्यमिक शिक्षा विभाग) वर्ष 2021–22 एवं कालीबाई भील मेघावी छात्रा स्कूटी योजना 2021–22 की 10वी उत्तीर्ण छात्राओं के आवेदन हेतु पोर्टल पुनः खोलने की तिथि 24.02.2022 तथा पोर्टल बंद की तिथि 15.03.2022 है।**

योजना से संबंधित नियम, दिशा–निर्देश आयुक्त कॉलेज शिक्षा की वेबसाईट http://hte.rajasthan.gov.in/ के Home Page पर online scholarship पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र भरने से पूर्व संबंधित छात्रा / अभिभावक योजनाओं से संबंधित दिशा–निर्देश परिपत्र क्रमांक 955 दिनांक 30.12. 2021 नियम एवं संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की भली भॉति अध्ययन कर ही आवेदन करें। आवेदन करन हेतु विद्यार्थी के पास जन आधार कार्ड होना आवश्यक है एवं उसमें भरी हुई सूचनाएँ यथा जाति, मूल–निवास, बैंक डिटेल आदि अपडेट होनी चाहिए।

ऑनलाईन आवेदन विभाग की वेबसाईट http://hte.rajasthan.gov.in/ द्वारा एसएसओ आईडी से login कर citizen App&G2c के "Scholarship (CE,TAD,Minority)" Icon पर क्लिक कर किया जा सकता है।

D:\Letters.Docx

जिन विद्यार्थियों को उनके विश्वविद्यालय/महाविद्यालय छात्रवृति पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। वे अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के रजिस्ट्रार/प्राचार्य से सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन एवं अपडेशन की कार्यवाही करावें।

इस संबंध में इस कार्यालय के पत्र दिनांक 24.01.2022 व 03.02.2022 द्वारा आपको निर्देशित किया गया था कि उक्त योजना में व्यक्तिशः रूचि लेकर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए कालीबाई भील मेघावी छात्रा स्कूटि योजना सामान्य वर्ग के आर्थिक पिछड़ा वर्ग (EBC) की छात्राओं (माध्यमिक शिक्षा विभाग) हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र अंतिम तिथि से पूर्व भरवाया जाना सुनिश्चित करे ताकि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना का छात्राओं को अधिकतम लाभ मिल सके। अतः इस संबंध में दैनिक समाचार–पत्रों में निःशुल्क प्रेसनोट भी जारी कराया जाकर अधिक से अधिक ऑनलाईन आवेदन भरवाया जाना सुनिश्चित कराया जावे ताकि कोई छात्रा स्कूटी वितरण लाभ से वंचित न रहे इस संबंध में अब तक की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत करावें। **ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि (पोर्टल बंद होने की तिथि) 15.03.2022 है इस तथ्य को ध्यान में रखा जावे।**

छात्राओं के ऑनलाईन आवेदन के संबंध में किसी प्रकार की समस्या आने पर आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर के सहायक प्रोफेसर डा. ललित कुमार नागौरा के मोबाइल नं. 7976354932 पर संपर्क करें।

संलग्नः– उपर्युक्तानुसार (एक पृष्ठ)

Rajasthan Education Department

**मुख्य लेखाधिकारी**
**माध्यमिक शिक्षा राजस्थान**
**बीकानेर**

क्रमांक :– शिविरा/माध्य/लेखा डी–2/28013/2021–22 दिनांक 10.03.2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही आवश्यक बाबत् :–

1. श्रीमान् वित्तीय सलाहकार, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को उनके पत्रांकः एफ. 23 (80)लेखा/आकाशि/छा.स्कू.ऑनलाईन/2021–22/306 दिनांक 24.02.2022 के संदर्भ में को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु।
2. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत्।

**मुख्य लेखाधिकारी**
**माध्यमिक शिक्षा राजस्थान**
**बीकानेर**

PS/Mail/724/22
09/3/22

# आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 23 (80)लेखा/आकाशि/छा.ऑनलाईन/2021-22/1306 दिनांक - 24/02/2022

Ao-पेंशन
09.03.2022

## छात्रवृत्ति एवं स्कूटी हेतु ऑनलाईन आवेदन

राजस्थान स्थित राजकीय/निजी विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से निम्नलिखित योजनाओं में विभागीय वेबसाईट https://hte.rajasthan.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन की तिथि में निम्नानुसार अभिवृद्धि की जाती है –

| क्र.सं | योजना का नाम | पोर्टल पुनः खोलने की तिथि | पोर्टल बन्द करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | **कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना – 2021–22** 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं हेतु (सभी वर्ग) | 24.2.2022 | 15.3.2022 |
| 2. | **कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना – 2021–22** 10वीं उत्तीर्ण छात्राओं हेतु (TAD) | 24.2.2022 | 15.3.2022 |
| 3. | देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि योजना | 24.2.2022 | 15.3.2022 |
| 4. | मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना | 24.2.2022 | 15.3.2022 |
| 5. | विधवा/परित्यक्ता मुख्यमंत्री (बी.एड) संबल योजना | 24.2.2022 | 15.3.2022 |

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

योजना से संबंधित नियम, दिशा–निर्देश विभागीय वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/ के Home Page पर Online Scholarship पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र भरने से पूर्व संबंधित छात्रा/अभिभावक योजनाओं से संबंधित दिशा–निर्देश, परिपत्र क्रमांक–955 दिनांक–30.12.2021, नियम एवं संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की भली भाँति अध्ययन कर ही आवेदन करें। आवेदन करने हेतु विद्यार्थी के पास जन आधार कार्ड होना आवश्यक है एवं उसमें भरी हुई सूचनाएँ यथा जाति, मूल–निवास, बैंक डिटेल आदि अपडेट होनी चाहिए।

ऑनलाइन आवेदन विभाग की वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/ द्वारा एसएसओ आईडी से login कर Citizen App-G2C के "Scholarship (CE,TAD,Minority)" Icon पर क्लिक कर किया जा सकता है।

जिन विद्यार्थियों को उनके विश्वविद्यालय/महाविद्यालय छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। वे अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के रजिस्ट्रार/प्राचार्य से सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन एवं अपडेशन की कार्यवाही करावें।

जिन विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों द्वारा अभी तक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं अपडेशन नहीं किया है, वे शीघ्र उक्त कार्यवाही करें। इसके अभाव में विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबधित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की होगी।

(हरिसिंह मीना)
वित्तीय सलाहकार

D:/ Shortcut For Some Folders/ Online Schlorship/

# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक–एफ 23(80)/लेखा/आकाशि/छा.ऑनलाईन/2021–22/1305 दिनांक– 24/02/2022

श्री राजीव गुजराल,
वरिष्ठ परियोजना अधिकारी,
सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग,
भामाशाह डाटा सेन्टर झालाना,
राजस्थान, जयपुर

विषय :– वित्तीय वर्ष 2021–22 में कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि योजना, मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना एवं विधवा/परित्यक्ता मुख्यमंत्री(बी.एड.) संबल योजना में ऑनलाइन आवेदन हेतु तिथि में अभिवृद्धि बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए निम्नलिखित योजनाओं हेतु छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन की तिथि 15.2.2022 थी, पोर्टल पुनः खोला जाकर निम्नानुसार अभिवृद्धि की जानी है –

| क्र.सं | योजना का नाम | पोर्टल पुनः खोलने की तिथि | पोर्टल बन्द करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | **कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना – 2021–22** 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं हेतु (सभी वर्ग) | 24.2.2022 | 15.3.2022 |
| 2. | **कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना – 2021–22** 10वीं उत्तीर्ण छात्राओं हेतु (TAD) | 24.2.2022 | 15.3.2022 |
| 3. | देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि योजना | 24.2.2022 | 15.3.2022 |
| 4. | "मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना | 24.2.2022 | 15.3.2022 |
| 5. | विधवा/परित्यक्ता मुख्यमंत्री (बी.एड) संबल योजना | 24.2.2022 | 15.3.2022 |

उपरोक्तानुसार योजनाओं में ऑनलाईन आवेदन के लिए पोर्टल पुनः खोला जाकर तिथि में वृद्धि किया जाना सुनिश्चित करावें।

(हरिसिंह मीना)
वित्तीय सलाहकार

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

D:/ Shortcut For Some Folders/ Online Schlorship/